।। संघ शक्ति कलयुगे ।।

Reg No S-17781

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा

(ALL INDIA TAILIK SAHU MAHASABHA)

Central Office:Flat No.A-29 Dayananda Colony, Lajpat Nagar NewDelhi110 024.

Sub Office: Ramlal Gupta,2/518, VijayKhand, GomtiNagar, Lucknow-226010 (U.P.)

website www.tailiksahu.org,email abtsm2015@gmail.com

PRESIDENT	SECRETARY GENERAL	TREASURER	ADDL SECRETARY GENERAL
Jaidatta Kshirsagar	Ramlal Gupta	Amrendra Kumar	Dr.Arun Bhasme
Ex- Cabinet Minister,M.S	2/518,Vijay Khand, Gomti Nagar,	Shivlaxmi Niwas, Salimpur Ahra,	84, Chanakyapuri
Nagar Road, Beed-431122	Lucknow-226010(U.P)	Gali no.3, Daldali Road,	Beed-431122 (M.S)
Mumbai : Tel: 022-24914087,88	Mo:+91 9335231118	Patna-800003	Tel: (R) :02442-222855, Fax : 225601
Delhi Tel : (O) 011-26425501	Mo:+91 9792121118	Mo:+91 9431457750	Mo:+91 9422241432
Email-kshirsagarj@gmail.com	Email-guptarlguptalko@gmail.com	Email- amrendra1957@gmail.com	Email-dranbhasme@gmail.com

Outward.No./ABTSM/ Minutes /NEC Meeting- 28-05-2023/2023-24/233 दिनांक 25 जुलाई 2023

दिनांक 20 मई 2023 को गांधीनगर अहमदाबाद, गुजरात मे सम्पन्न हुई अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की कार्रवाई का संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 20 मई 2023को अपरानह 15.00 से माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयदत्त क्षीरसागर पूर्व मंत्री महाराष्ट्र सरकार की अध्यक्षता मे modheswari भवन, पेठापुर, गांधीनगर, गुजरात मे बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन माननीय राष्ट्रीय महासचिव श्री रामलाल गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक के एजेंडा के अनुसार बैठक की कार्रवाई का विवरण निम्न प्रकार है:-

एजेण्डा के पहले बिन्दु के क्रम मे बैठक मे सम्मिलित सभी महानुभावो का रजिस्ट्रेशन व उपस्थिति दर्ज की गयी, जिसका बिवरण उपस्थिति पंजिका मे अलग से दर्ज है। बैठक का आकर्षण यह रहा कि बैठक मे माननीय श्री सोमाभाई मोदी राष्ट्रीय सलाहकार व श्री पुरणेश भाई मोदी विधायक सूरत, गुजरात के अन्य पदाधिकारीगणो के साथ बैठक मे उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन मुख्य रूप से श्री एन टी राठौर, श्री सुरेश साहु, श्री हंसमुख भाई मोदी व श्री छाबड़ा जी तथा उनकी टीम ने किया।

एजेंडा के दूसरे बिन्दु के क्रम मे श्री रामलाल गुप्ता राष्ट्रीय महासचिव ने बैठक मे उपस्थित सभीलोगो का स्वागत व अभिनन्दन व बंदन किया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष गुजरात, श्री हरिशंकर साहु व उनकी टीम के सदस्यो द्वारा बुके,साल तथा प्रतीक चिह्न द्वारा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष,श्री जयदत्त क्षीरसागर ,राष्ट्रीय महासचिव श्रीरामलाल गुप्ता, श्री शोमाभाई मोदी राष्ट्रीय सलाहकार, माननीय श्री पूरणेश भाई मोदी विधायक, विशेषआमंत्रित,डॉ अरूण भस्मे ,राष्ट्रीय अपर महासचिव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री अमरेंद्र कुमार के साथ सभी राष्ट्रीय पदाधिकारीगणो ,प्रदेश अध्यक्षगणो ,और अन्य लोगो का सम्मान किया गया।

एजेंडा के तीसरे बिन्दु के क्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक प्रारंभ की अनुमति दी गई।

एजेंडा के चौथे बिन्दु के क्रम मे राष्ट्रीय महासचिव द्वारा पिछली बैठक की कार्रवाई के सम्बन्ध मे विस्तृत रुप से बताया गया, जिसपर विस्तृत चर्चा हुई और सर्व सम्मति से उसके समस्त बिन्दुओ की पुष्टि की गई।

एजेंडा के पांचवे बिन्दु के क्रम मे राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि डॉ प्रकाश सेठ राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष, उड़ीसा व छतीसगढ के अलावा किसी प्रदेश अध्यक्ष व किसी राष्ट्रीय पदाधिकारी द्वारा कोई प्रगति प्रतिवेदन राष्ट्रीय महासचिव के पास नही भेजा गया।यह अत्यन्त ही खेद का विषय है। राष्ट्रीय महासचिव ने स्पष्ट रूप से यह बताया कि यह आखिरी अवसर है।इसके बाद आगामी किसी बैठक मे उन सभी प्रदेश अध्यक्षगणो या राष्ट्रीय पदाधिकारीगणो को बोलने का कोई अवसर नही दिया जायेगा, जो अपने किए गए कार्यो की रिपोर्ट नही भेजेंगे या दिये गए बिन्दुओ पर कार्य नही किएहोगे। अनावश्यक जुमले बाजी या ईधर उधर की बातो मे समय व्यर्थ नही करने दिया जायेगा।अब बैठक मे वही लोग बोल पायेगे ,जो एजेंडा के अनुसार कार्य किए होगे,और रिपोर्ट प्रेषित किए होगे,चाहे वे राष्ट्रीय पदाधिकारी,प्रदेश अध्यक्ष या कार्यसमिति के सदस्य क्यो न हो।

एजेंडा के छठवे बिन्दु के क्रम मे दिल्ली,उड़ीसा कर्नाटक, आसाम,तमिलनाडु, पांडिचेरी ईत्यादि प्रदेश अध्यक्षगणो से चुनाव के सम्बन्ध मे पूछा गय,तो किसी ने भी चुनाव सेडयूल नही दिया। सभी लोगो को आगाह किया गया कि 31 जुलाई तक

पृष्ठ २ पर

Reg No S-17781

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा

(ALL INDIA TAILIK SAHU MAHASABHA)

Central Office:Flat No.A-29 Dayananda Colony, Lajpat Nagar-NewDelhi110 024.
Sub.Office: Ramlal Gupta,2/518, VijayKhand, GomtiNagar, Lucknow-226010 (U.P.)
website-www.talliksahu.org,email-abtsm2015@gmail.com

PRESIDENT	SECRETARY GENERAL	TREASURER	ADDL.SECRETARY GENERAL
Jaidatta Kshirsagar	Ramlal Gupta	Amrendra Kumar	Dr.Arun Bhasme
Ex- Cabinet Minister,M.S	2/518,Vijay Khand, Gomti Nagar,	Shivlaxmi Niwas, Salimpur Ahra,	84, Chanakyapuri
Nagar Road, Beed-431122	Lucknow-226010(U.P)	Gali no.3, Daldali Road,	Beed-431122 (M.S)
Mumbai : Tel: 022-24914087,88	Mo:+91 9335231118	Patna-800003	Tel: (R) :02442-222855, Fax : 225601
Delhi Tel : (O) 011-26425501	Mo:+91 9792121118	Mo:+91 9431457750	Mo:+91 9422241432
Email-kshirsagarj@gmail.com	Email-guptarlguptalko@gmail.com	Email- amrendra1957@gmail.com	Email-dranbhasme@gmail.com

चुनाव शेड्यूल नही प्राप्त हुए, तो सम्बन्धित राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष द्वारा समाज के सक्रीय व्यक्तियो के माध्यम से समाज के लोगो की बैठक बुलाकर राष्ट्रीय पर्यवेक्षक की उपस्थिति मे सर्व सम्मति से प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा कर दी जायेगी, जिसके जिम्मेदार वर्तमान अध्यक्ष होगे,और उनका कोई स्पष्टीकरण स्वीकार्य नही होगा, क्योकि इसके सम्बन्ध मे कई निर्देश भेजे जा चुके है, जिसकी कतिपय प्रदेश अध्यक्ष इसकी अवहेलना कर रहे है तथा मौन साधे हुए है।

एजेंडा के सातवे बिन्दु के सम्बन्ध मे किसी प्रदेश अध्यक्ष के यहा से प्रदेश कार्यकारिणी की सूची, जिलाध्यक्षो व महामंत्रियो की सूची तथा संविधान की सूची उपलब्ध नही कराई गयी,यह घोर आपत्तिजनक है, क्योकि बार बार मागने पर नही भेजी जा रही है।सभी राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्षो को जिम्मेदारी दी गई कि अपने अपने जोन मे पडने वाले प्रदेशो से उक्त सभी सूचनाये अधिकतम एक माह के अंदर भेजवाना सुनिश्चित करे।

एजेंडा के आठवे बिन्दु के क्रम मे मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, छतीसगढ, बंगाल, झारखंड, राजस्थान,आन्ध्रप्रदेश से चुनाव के बाद रुपया 10000/=का बैक ड्राफ्ट या चेक, आल इन्डिया तैलिक साहु महासभा के नाम से संबद्धता शुल्क के तौर पर जमा कर सम्बन्धता प्रमाणपत्र प्राप्त करना था, लेकिन खेद है कि किसी प्रदेश से धनराशि जमा नही की गयी। सम्बन्धित राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष गणो व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को जिम्मेदारी दी गई कि सम्बंधित प्रदेश अध्यक्षगणो से संवाद स्थापित कर ड्राफ्ट जमा कराना सुनिश्चित करे।

एजेंडा के नौवे बिन्दु के क्रम मे बैठक मे उपस्थित सभी लोगो से आग्रह किया गया कि सालाना एक हजार रुपए रजिस्टरेशन के समय जमा करने थे, लेकिन बार बार अनुरोध करने के बावजूद भी किसी व्यक्ति ने पैसा जमा नही किया, जो घोर आपत्तिजनक है, तथा कई वर्षो से किये जा रहे अनुरोधो की अवहेलना है।सभीलोगो से पुनः अनुरोध किया गया कि शीघ्रातिशीघर धनराशि जमा कर दे।बार बार चर्चा करना उचित प्रतीत नही होता। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार को जिम्मेदारी दी गई कि लगातार सभी लोगो से संवाद स्थापित कर धनराशि जमा करावे।

एजेंडा के दशवे बिन्दु के क्रम मे प्रदेश अध्यक्ष छतीसगढ, बिहार, उड़ीसा, गुजरात, सिक्किम मेघालय ,मिजोरम मनीपुर,केरल, तमिलनाडु, पांडिचेरी, तेलंगाना व आन्ध्रप्रदेश इत्यादि प्रदेशो से लगातार अनुरोध किया जा रहा है कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी हेतु सात सक्रीय लोगो की सूची पता व मोबाइल नंबर,मेल आई डी के साथ शीघ्रातिशीघर भेजना सुनिश्चित करे, जिससे राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन पूर्ण हो सके।साथ ही सभी प्रदेशाध्यक्षगणो से अनुरोध किया गया कि सभी प्रकोष्ठो हेतु 10-10 नाम भेजे, जिससे प्रकोष्ठो की कार्यकारिणी का गठन हो सके,लेकिन प्रदेश अध्यक्ष अबतक सूची नही भेजे।यदि प्रदेशाध्यक्षगण 15दिनो के अन्दर नाम नही भेजते है., तो राष्ट्रीय स्तर से सक्रीय व्यक्तियो को नामित करते हुए कार्यकारिणी पूरी कर ली जायेगी। इसके पश्चात किसी प्रदेश अध्यक्ष की शिकायत मान्य नही होगी।

एजेंडा के ग्यारह र बिन्दु के क्रम मे किसी प्रदेश से उनके यहा हुए सम्मेलन का आय व्यय का ब्योरा प्राप्त नही हुआ है,जबकि आये दिन प्रदेशो मे कार्यक्रम होते रहते है।यह अत्यन्त आपत्तिजनक बात है।सभी से पुनः अनुरोध किया गया कि शीघ्रातिशीघर आय व्यय का हिसाब किताब भेज दे,अन्यथा प्रदेश कार्यालय पर आकर हिसाब किताब की जांच की जायेगी। और जो अवशेष धनराशि शेष होगी, उसका 25%धनराशि अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा के कोष मे जमा करायी जायेगी।

एजेंडा के 12 वे बिन्दु के क्रम मे निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय/प्रदेश स्तर पर जातीय जनगणना करायी जाए।
इसके बाद माननीय श्री शोमा भाई,मोदी, माननीय श्री पूरणेश भाई मोदी ,प्रदेश अध्यक्ष,पश्चिम बंगाल महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश,

पृष्ठ ३ पर

Reg No S-17781

अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा

(ALL INDIA TAILIK SAHU MAHASABHA)

Central Office:Flat No.A-29 Dayananda Colony, Lajpat Nagar NewDelhi110 024.
Sub.Office: Ramlal Gupta,2/518, VijayKhand, GomtiNagar, Lucknow-226010 (U.P.)
website:www.tailiksahu.org,email:abtsm2015@gmail.com

PRESIDENT	SECRETARY GENERAL	TREASURER	ADDL.SECRETARY GENERAL
Jaidatta Kshirsagar	Ramlal Gupta	Amrendra Kumar	Dr.Arun Bhasme
Ex- Cabinet Minister,M.S	2/518,Vijay Khand, Gomti Nagar,	Shivlaxmi Niwas, Salimpur Ahra,	84, Chanakyapuri
Nagar Road, Beed-431122	Lucknow-226010(U.P)	Gali no.3, Daldali Road,	Beed-431122 (M.S)
Mumbai : Tel: 022-24914087,88	Mo:+91 9335231118	Patna-800003	Tel: (R) :02442-222855, Fax : 225601
Delhi Tel : (O) 011-26425501	Mo:+91 9792121118	Mo:+91 9431457750	Mo:+91 9422241432
Email-kshirsagarj@gmail.com	Email-guptarlguptalko@gmail.com	Email- amrendra1957@gmail.com	Email-dranbhasme@gmail.com

मध्यप्रदेश, दिल्ली, छतीसगढ, आसाम,राजस्थान, गुजरात तथा राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नाटक, बिहार, छतीसगढ,महाराष्ट्र व गुजरात ने अपने अपने प्रदेश/जोन के सम्बन्ध मे अपना उद्बोधन दिया।

लेकिन एजेंडा के किसी बिन्दु पर प्रगति रिपोर्ट नही दी,जिस पर खेद व्यक्त किया गया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कोष से संबंधित सभी बिन्दुओ को रखा और सदस्यता अभियान, समबधदता शुल्क, सहयोग धनराशि जमा करने का अनुरोध किया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने 4 जनवरी 2023 को हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के पिछले वर्ष की बैलनससीट व आय व्यय का विस्तृत विवरण पढ़कर सुनाया,जिसकी सर्व सम्मति से पुष्टि की गई। अन्त मे राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने सभी का अभिनन्दन करते हुए संगठन को मजबूत करने, प्रदेश अध्यक्षो द्वारा एजेंडा के सभी बिन्दुओ पर प्रगति रिपोर्ट देने, राष्ट्रीय पदाधिकारीगणो द्वारा अपने दायित्वो का निर्वहन करने पर बल दिया,और सभी की जिमेदारियो का बोध कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने समाज को प्रत्येक क्षेत्र मे अनुपातिक भागीदारी हेतु जातीय जनगणना कराने पर बल दिया।उन्होने समाज की ताकत दिखाने हेतु दिल्ली मे पुनः एक विशाल रैली कराने हेतु सुझाव दिया।और दिल्ली मे महासभा भवन बनाने पर सहमति जताई। अन्त मे राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि मध्यप्रदेश, छतीसगढ,राजस्थान, हरियाणा व पश्चिम बंगाल मे शीघ्र विधान सभा चुनाव होने वाले है,वहा से अपने समाज के जो लोग चुनाव लडना चाहते है,उनकी सूची बायो डाटा के साथ पार्टी वाईज भेजे, जिससे उनके टिकट के लिए प्रयास किया जा सके। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय ने पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण हेतु जातीय जनगणना कराने का प्रस्ताव पारित कराया ,जिसके क्रम मे पत्र माननीय प्रधानमंत्री,गृह मंत्री व सामाजिक न्याय मंत्री को भेजने का आश्वासन दिया। उसके बाद बैठक आयोजित करने हेतु श्री एन टी राठौर, श्री सुरेश चन्द साहु, श्री छाबड़ा व श्री हंसमुख मोदी व प्रदेश अध्यक्ष तथा उनकी पूरी टीम को बधाई दी और सराहना की। अंत में श्री सुरेश साहू , संगठन सचिव (राजस्थान व गुजरात) ने सबका आभार व्यक्त करते हुए माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक समाप्त करने की घोषणा कर सबको भोजन हेतु आमंत्रित किया।

रामलाल गुप्ता
राष्ट्रीय महासचिव
अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा।

उपरोक्त कार्रवाई की प्रति, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जयदत्त क्षीरसागर महोदय को सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2-राष्ट्रीय अपर महासचिव, व सभी राष्ट्रीय पदाधिकारीगणो,प्रदेश अध्यक्षगणो व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यगणो व सलाहकारगणो व,विशेष आमंत्रीगणो को सूचनार्थ एवम पालनारथ प्रेषित।

रामलाल गुप्ता
राष्ट्रीय महासचिव।